denied by the United States Government.

(b) Yes, Sir.

(c) Government has more than once expressed its serious concern over the supply of sophisticated U.S. arms to Pakistan. Government is also alert to all developments having a bearing on India's security.

वार्षिक योजना के वित्तीय प्रबन्धन हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा राजस्थान को दी गई सहायता

*27. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार, राजस्थान की वार्षिक योजनाओं के वित्तीय प्रबन्धन हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा वार्षिक अनुदानों और ऋणों के रूप में उसे कितनी सहायता दी गई है; और

(ख) वर्षारम्भ में अनुमानित जन संख्या के आधार पर प्रति वर्ष प्रति व्यक्ति कितनी धनराशि आवंटित की गई थी ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) : (क) और (ख) एक विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत है ।

विवरण

पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान को अबंटित केन्द्रीय सहायता

वर्ष	आबंटित राशि (सकल) (करोड़ रुपये)		प्रति व्यक्ति (रुपये)
1985–86	198.23	70% ऋण	51
1986–87	252.88	और	
1987–88	290.02	30	64
		अनुदान	71

हज-तीर्थयात्री

*28. **श्री मिर्जा इर्शाद बेग :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष प्रत्येक राज्य से "हज तीर्थयात्रा" के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए और राज्य-वार कितने व्यक्तियों को इसकी अनुमति प्रदान की गई;

(ख) उन राज्यों के लिए, जहां "हज-तीर्थयात्रा" पर जाने के लिए अत्यधिक मांग रहती है, कोटा निर्धारित करने की क्या योजना है; और

(ग) हज-तीर्थयात्रायों की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए क्या कदम उठाये गये है ?